तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025



12 खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम...





12 प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ...






## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम धामनघुटकुरी मेन रोड में कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थिया शशिबाई पालेश्वर पति खान सिंह पालेश्वर निवासी ग्राम संतपाली ने बताया कि 31 अक्टूबर को उसके पति खान सिंह पालेश्वर अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्र सी जी 06 जी एल 4803 से ग्राम बरेकेल दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर वापस संतपाली लगभग 4.00 बजे के आसपास आ रहे थे, धामनघुटकुरी के पास पहुंचने पर सामने आ से रही टाटा नेक्सान क्र सीजी 04 क्यू एन 9747 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर उसके पति के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बाइक के सामने का भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसके पति के दाहिने पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर धारा 281,125 (ए) बीएनएस तथा 184 एम वी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घोड़ारी में मारपीट

**महासमुंद।** ब्यारा में मकान बनाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट महासमुंद कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी छोटकू ओगरे निवासी घोडारी ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह करीब 08 बजे वह अपने ब्यारा में था, तभी मोहन ओगरे और उसकी पत्नी जयत्री ओगरे, बहू देवला ओगरे व अन्य लोग उसके पास आए। तब उसने मोहन ओगरे को कहा कि ब्यारा में घर मत बनाओ। इस पर तुम कौन होते हुए मना करने वाले कहते हुए तीनों गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मारपीट को देख जब प्रार्थी की बहू नीलू ओगरे ने बीच बचाव किया, तब उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पुरानी रंजिश, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी सोमनाथ यादव निवासी अछोला ने बताया कि 1 नवंबर का रात 9 बजे खाना खाने के लिए अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। दुर्गा चौक बस स्टैंड के पास गांव के कामदेव धीवर, रूपलाल धीवर, देवा धीवर तथा विश्वनाथ धीवर पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करन लगे। लड़ाई की आवाज को सुनकर उसकी बेटी किशोरी यादव एवं पूर्णिमा यादव वहां पर आये तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

# राज्योत्सव शुरू, सांसद ने जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव-2025 के पहले दिन महासमुंद जिले के 23 विभागों द्वारा पिछले 25 वर्षों की विकास यात्रा, सफल योजनाओं एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रदर्शित करने हेतु आकर्षक प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए गए। मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद रूपकुमारी चौधरी ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ स्टॉलों का विस्तृत अवलोकन किया। सांसद चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रदर्शनी के माध्यम से जिले में आधारभूत संरचना, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को सराहते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी महासमुंद की विकास गाथा का जीवंत चित्रण है। जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले की विकास एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रिका का वितरण किया गया।






### सौंपी गई गृह प्रवेश की सांकेतिक चाबी

जिला पंचायत विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 5 लाभार्थियों को अभिनंदन पत्र एवं गृह प्रवेश की सांकेतिक चाबी सौंपी गई। 2 हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र एवं सभी को बल्ब प्रदान किया गया। सांसद चौधरी ने हितग्राहियों से सीधे संवाद भी किया।

### प्रमाण पत्र वितरित

इस दौरान सांसद चौधरी के हाथों राजस्व एवं श्रम विभाग द्वारा ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को योजनाओं से जोड़ने हेतु ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग द्वारा हितग्राहियों को लाभार्थी किट, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में 6 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 20 हजार रुपए का चेक एवं निः शक्ति विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिव्यांगजन दंपति को एक लाख की राशि का चेक वितरण किया गया।

**इनकी भी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर विधायक छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, स्काउट गाइड के राज्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा, जिला स्काउट एवं गाइड जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रशांत श्रीवास्तव, आनंद साहू, प्रकाश शर्मा, महेंद्र जैन, राहुल चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## आंदोलन : स्थानीय लोहिया चौक में जिले के साथ रायपुर के कर्मचारी भी होंगे शामिल

# सहकारी कर्मचारियों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों की संयुक्त हड़ताल आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेशभर के 2058 सहकारी समितियों के लगभग

- धान खरीद में 3 प्रतिशत सूखत, एंट्री ऑपरेटरों का आउटसोर्सिंग से भर्ती बंद किए जाने की मांग

14000 सहकारी कर्मियों के साथ 2058 समितियों के डाटा एंट्री ऑपरेटर मिलकर आज से अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में रहेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार धान खरीद में 3 प्रतिशत सूखत की मांग, डाटा एंट्री ऑपरेटरों का आउटसोर्सिंग से भर्ती बंद किए जाने, मध्यप्रदेश की भांति समितियों को वेतन अनुदान देने, वर्ष 2024-25 में सूखत को मान्य करने जैसी मांगें संघ के ज्ञापन में गई है। इधर, दूसरी ओर शासन प्रशासन ने आगामी 15 नवंबर से किसानों से धान खरीदी कि तैयारियां प्रारंभ कर रखी है। इस सिलसिले में विगत दिनों खाद्य सचिव छतीसगढ़ शासन की टीम ने जिले के विभिन्न समितियों का दौरा कर धान खरीदी की आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। प्रदेश संघ के पूर्व नियोजित हड़ताल के आगाज के चलते प्रशासन ने समितियों में पहले से ही नए जूट बारदाने की व्यवस्था करा रखी है ताकि, हड़ताल कि वजह से समस्याएं उत्पन्न ना हों।




सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, कौशल साहू का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी आरम्भ करने कि बात कही है। वही दूसरी ओर समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने धान खरीदी नीतियों को समितियों के साख के खिलाफ बताया है। संघ ने इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण आदि सभी को ज्ञापन सौंपा है। इसके बावजूद आजपर्यंत तक कोई भी पहल सरकार द्वारा नहीं होते देख अनिश्चितकालीन आंदोलन का रुख अख्तियार किया है।



जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बताया कि जिले के तकरीबन 700 कर्मचारियों ने प्रदेश महासंघ के आह्वान का स्वस्फूर्त समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि रायपुर में हड़ताल के लिए जगह नहीं मिलने के कारण जिले के लोहिया चौक मंभ शांतिपूर्ण हड़ताल का निर्णय लिया गया है। जिसमें रायपुर जिले के भी सहकारी कर्मी शामिल होंगे। सहकारी समितियों में कार्यरत प्रबंधक, लिपिक, सेल्समैन, चपरासी, चौकीदार ऑपरेटर के हड़ताल में शामिल होने के चलते समितियों में पूरी तरह तालेबंदी की स्थिति रहेगी, जिससे सहकारी उचित मूल्य की दुकानें, सहकारी समितियों में संचालित माइक्रो एटीएम में रुपयों का लेन देन, धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियां आदि प्रभावित होंगी।

### जुआ खेल रहे पांच लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द में जुआ खेल रहे पांच लोगों पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 10,200 रुपए नगद और 4 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम लभराखुर्द आम गली मयंक ध्रुव के घर के पास के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे है। इसके बाद पुलिस की घेराबंदी और कार्रवाई के दौरान जुआ खेल रहे कुछ लोग भाग गए। वहीं मौके पर गौरव पिता लीलाराम सेन (20 साल) निवासी लभराखुर्द वार्ड क्रमांक 10, मालिकराम पिता सुखरू चक्रधारी (38 वर्ष) निवासी कुम्हारपारा महासमुंद वार्ड क्रमांक 24, सुशील नेताम पिता सुबेलाल नेताम (23 साल) निवासी नया रावणभांठा महासमुंद वार्ड क्रमांक 30, साहिल ध्रुव पिता कोमल सिंह ध्रुव (18 वर्ष) ग्राम मधुबन थाना पटेवा हाल निवास सुभाष नगर महासमुंद, संतोष उर्फ गोलू ध्रुव पिता किशनलाल ध्रुव (38 वर्ष) ग्राम कुर्मीपारा वार्ड नंबर 17 महासमुंद को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नगद 10200 रुपए, 4 नग मोबाईल फोन अनुमानित कीमती 62000 रुपए को बरामद किया गया है। धारा 3(2), 5 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# जिले में सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जाने की कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अपात्र हितग्राहियों द्वारा लिए जा रहे गरीबों के राशन मामले में छंटनी शुरु होने के बाद सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जाने की कार्रवाई शुरु हो गई है। इससे जिले भर से हजारों राशनकार्ड धारियों अपात्र होकर भी बीपीएल कोटे का राशन लेने वाले हितग्राहियों की छंटनी शुरू हो गई है। सत्यापन के बाद राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं।

बता दें कि पांच एकड़ से अधिक जमीन और 6 लाख से ज्यादा वार्षिक आय वाले लोगों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। सत्यापन में अब तक 9100 राशनकार्डधारी अपात्र पाए गए हैं। इनमें 6875 लोगों के राशनकार्ड निरस्त किए जा चुके हैं। 2223 कार्डों को निरस्त किया जाना शेष है।

खाद्य विभाग ऐसे कार्डों का सत्यापन कर रहा है, जिनके मुखिया लंबे समय से अधिक संपत्ति होने के बाद भी बीपीएल कार्ड का लाभ ले रहे थे। ऐसे कार्डधारकों का एपीएल कार्ड बनाया जाएगा। भौतिक सत्यापन के दौरान यह भी सामने आ रहा है कि कई सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, कई लोग जिला व प्रदेश भी छोड़ चुके हैं। जिले में पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले एक लाख 36 हजार 955 कार्डधारक हैं। इसमें से 180 कार्ड निरस्त किए जा चुके हैं।

1 लाख 36 हजार 775 का सत्यापन शेष है। जिले में 6 लाख से अधिक आय वाले 1849 लोगों के राशनकार्ड हैं। इसमें 889 कार्ड निरस्त किए गए हैं। 960 का सत्यापन शेष है। आयकर देने वाले 44 हैं। ऐसे 21 लोगों के कार्ड निरस्त किए गए हैं। 23 लोगों पर कार्रवाई होना शेष है। एमसीए के तहत 178 लोगों के राशनकार्ड का सत्यापन होना है। अब तक 82 लोगों पर कार्रवाई की गई है। 95 लोगों के राशनकार्ड पर कार्रवाई होना शेष है। महासमुंद जिले में एक लाख 51 हजार 723 संदिग्ध राशनकार्डों की जांच किए जाने का लक्ष्य दिया गया था। अभी भी कई जगहों पर कार्रवाई प्रारंभ नहीं हो पाई है। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि नियमानुसार सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

### भौतिक सत्यापन

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 3 लाख राशनकार्ड हैं। वहीं शहरों में लगभग 32 हजार 243 राशन कार्ड हैं। लगभग 2 लाख 98 हजार कार्ड बीपीएल के तहत आते हैं। लगभग 30 हजार एपीएल कार्ड हैं। सत्यापन के बाद बीपीएल से एपीएल कार्ड बनाया जाएगा। अभी भी हजारों कार्डधारियों का सत्यापन होना शेष है।




### कार्डों की भी जांच

जिले में 5774 राशनकार्ड में पुरुष मुखिया हैं। ऐसे राशनकार्डों की भी जांच की जा रही है। यदि इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला सदस्य हैं तो वहीं राशनकार्ड व परिवार की मुखिया होंगी। ऐसे कार्डों की भी जांच की जा रही है, जिसमें महिला सदस्य की उम्र 18 से कम होने पर ही पुरुष मुखिया होंगे।


## बड़ा हादसा होने का खतरा, मुख्य मार्ग और घनी आबादी में यही स्थिति

# खुले मौत का साया, आधे से अधिक ट्रांसफार्मरों के डीबी फ्यूज बॉक्स खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ट्रांसफार्मरों के नीचे लगे डीबी बॉक्स चाहे शहर हो या ग्रामीण, सभी स्थानों में अधिकतर मामलों में यह फ्यूज बॉक्स खुले पड़े हैं। इसके चलते मानव जीवन के साथ पशुओं पर भी खतरा मंडरा रहा है। शहर और ग्रामीण इलाकों के मुख्य मार्गों, व्यस्ततम चौराहों और घनी आबादी वाले रिहायशी इलाकों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है।

बता दें कि शहर में कुल 362 ट्रांसफार्मर हैं, जिनमें से लगभग आधे यानी 50 प्रतिशत के फ्यूज बॉक्स खुले हैं। यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि इनमें से कई ट्रांसफार्मर महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों के पास लगे हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण मिनी स्टेडियम के पास स्थित ट्रांसफार्मर है। इसी क्षेत्र में शिशु संस्कार केंद्र पब्लिक स्कूल और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी हैं। यहां का फ्यूज बॉक्स एक साल से भी अधिक समय से खुला पड़ा है। स्कूल और कॉलेज में सैंकड़ों विद्यार्थियों का रोजाना आना-जाना होता है।



### व्यस्त मार्गों पर खतरा

शास्त्री चौक से गांधी चौक जाने वाले मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे तीन ट्रांसफार्मर लगे हैं, जिनमें से दो के बॉक्स खुले हैं। इस मार्ग पर दिनभर लोगों का भारी आवागमन रहता है। नगर के सबसे व्यस्त और आयोजनों का केंद्र रहे लोहिया चौक पर भी एक ट्रांसफार्मर का फ्यूज बॉक्स शेड के ठीक पास खुला पड़ा है। आसपास के दुकानदारों ने शिकायत की है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कर्मचारी इसे बंद नहीं करते।

### मवेशी और फाल्ट का जोखिम

खुले फ्यूज बॉक्स का खतरा केवल इंसानों तक ही सीमित नहीं है। इन स्थानों के समीप मवेशी भी घूमते रहते हैं, जिससे उनके भी करंट की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा, बॉक्स खुले होने के कारण बार-बार फाल्ट आने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर का रखरखाव ठीक न होने के कारण तेल का रिसाव भी हो रहा है, जिससे कभी भी शॉर्ट सर्किट होकर गंभीर हादसा हो सकता है।

# योगनिद्रा से जागे श्री हरि, मांगलिक कार्यक्रम फिर से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देवउठनी एकादशी के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु अपनी योगनिद्रा से जाग गए। बाद शुभ और मांगलिक कार्यक्रम फिर से शुरू हो गए हैं। मंगलवार को एकादशी के दिन गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी व शालिग्राम का विवाह रचाकर जमकर आतिशबाजी की गई। बता दें कि रथ यात्रा के बाद देवशयनी एकादशी से भगवान योग निद्रा में थे। देवउठनी एकादशी पर शनिवार को घर-मंदिरों में गन्ने का मंडप सजाया गया। मंडप में तुलसीजी और शालिग्राम की स्थापना की गई। घरों की देहरी पर रंगोली और दीप मलिकाएं भी सजाई गईं। सूर्यास्त होते ही विधि-विधान से पूजा कर तुलसी विवाह संपन्न कराया गया। लोगों ने पूजा-अर्चना कर भगवान को मौसमी फलों के साथ गन्ना, सिंघाड़ा, मूंगफली, चना भाजी, बेर, मिठाई, श्रृंगार सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान घरों में उत्सव का



माहौल रहा। देर रात तक पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। बता दें कि तुलसी विवाह के लिए शहर के चौक-चौराहों और बाजारों में पूरे दिन गन्ने की बिक्री होती रही। इसके अलावा पूजन सामग्रियों फूल, कंद, सिंघाड़ा आदि की खरीदी भी देर रात तक चलती रही। मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी से सोए हुए श्रीहरि देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। श्रीहरि के जागने के बाद अब महीनों से स्थगित शुभ और मांगलिक कार्य शुरू हो गए।

## खबर संक्षेप

### सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन आज

पुरी। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में धमतरी जिले के समस्त 74 सहकारी समितियों में काम करने वाले दैनिक, नियमित कर्मचारी महासमुंद जिले के लोहिया चौक पर 3 नवंबर को अनिश्चित कालीन हड़ताल में शामिल होंगे। इसके चलते धमतरी जिले में धान पंजीयन, एग्री स्टेक, धान खरीदी की तैयारी, राशन वितरण, माइक्रो एटीएम समेत छग शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं ठप होंगी। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गत वर्ष मुख्यमंत्री के आश्वासन एवं सचिवों के लिखित पत्रों का भी कोई असर नहीं रहा। इसके चलते कर्मचारी काफी आक्रोशित हो गए हैं। अब समिति के सदस्य धान को सूखत से बचाने के लिए किसान सहित परिवार को लेकर आंदोलन करेंगे।

### रिजर्व बल में तैनात पुलिसकर्मी की मौत

रायपुर। प्रधानमंत्री के रायपुर आगमन के दौरान सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात कांकेर रिजर्व बल के प्रधान आरक्षक की तबीयत बिगड़ने से अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने से हेड कांस्टेबल फुलजेश पन्ना (51) की मौत हुई है। फुलजेश ने शुक्रवार को तबीयत खराब होने की जानकारी दी थी। इसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। तबीयत बिगड़ने पर रामकृष्ण केयर अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान पुलिसकर्मी की शनिवार को मौत हो गई।

# सेव के दाम ने चौंकाया, सप्ताहभर थोक में 35 और चिल्हर में 50 रुपए बिका

रायपुर। सेव के दाम आमतौर पर कश्मीरी सेव आने के बाद कम हो जाते हैं, लेकिन इसके दाम इतने कम नहीं होते हैं, जितने इस बार एक सप्ताह तक कम रहे। एक सप्ताह तक कश्मीरी सेव थोक में 35 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए तक बिका। इतने कम दाम ने ग्राहकों को चौंका दिया। सेव के ये दाम टमाटर के दाम के आसपास रहे। टमाटर भी कुछ समय से 40 से 50 रुपए किलो बिक रहा है। सेव के दाम इतने कम होने के पीछे का कारण जानने हरिभूमि ने पड़ताल की, तो यह बात सामने आई कि कश्मीर से निकले सेवों के ट्रक रास्ते में फंस गए थे। ऐसे में यहां पर पहुंचा स्टॉक खराब होने की स्थिति में आ गया था। नुकसान से बचने के लिए कारोबारियों ने कम दाम में बेचकर स्टॉक समाप्त कर दिया। अब राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में अच्छी क्वालिटी का देशी और कश्मीरी सेव चिल्हर में 110 से 150 रुपए तक बिक रहा है, जबकि थोक में दाम 100 से 130 रुपए किलो हैं। राजधानी रायपुर में पिछले कुछ दिनों से सेव के दाम देखकर ग्राहकों को यकीन नहीं हो रहा था कि इसके दाम इतने कम कैसे हो सकते हैं। ग्राहकों को यह बात समझ ही नहीं आ रही थी कि हमेशा सौ रुपए से ज्यादा में बिकने वाला कश्मीरी सेव कैसे अचानक 50 रुपए किलो में बिक रहा है। इसकी खबर हरिभूमि को लगने पर हरिभूमि ने इस मामले में पड़ताल की तो हकीकत सामने आई कि क्यों कर सेव के दाम इतने कम हो गए।



### अब दाम सौ रुपए के पार, अच्छा सेव डेढ़ सौ रुपए से कम नहीं

*खराब होने के डर से किए दाम कम : सेव के दाम इतने कम होने के बारे में जब थोक कारोबारियों से बात की गई तो यह बात सामने आई कि कश्मीर से देश के कई राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ के लिए निकला करीब चार सौ ट्रकों का स्टॉक रास्ता खराब होने के कारण लंबे समय तक फंस गया। रास्ता ठीक होने के बाद जब रायपुर में करीब पांच ट्रकों का स्टॉक पहुंचा तो कारोबारियों ने देखा कि अगर इस स्टॉक को जल्द समाप्त नहीं किया गया तो सारे सेव खराब हो सकते हैं, ऐसे में इस स्टॉक को कारोबारियों ने कम कीमत पर बेच दिया। यही वजह रही कि कम कीमत में सेव मिलने के कारण चिल्हर कारोबारियों ने भी इस स्टॉक को कम कीमत में बेचना प्रारंभ किया ताकि उनका स्टॉक भी खराब न हो जाए।*

### निर्माण के दौरान ही कार्य में अनियमियता, शासन-प्रशासन से शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं

# राजाडेरा जलाशय टूटा, आसपास के गांवों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

क्षेत्र के किसान को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने करोड़ों की लागत से राजाडेरा जलाशय का निर्माण लगभग 25 वर्ष पूर्व किया गया। इस जलाशय के निर्माण के दौरान ही कार्य में अनियमियता की शिकायत हो रही थी। मगर इस ओर शासन- प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। आज करोड़ों रुपये की लागत से बना यह जलाशय लगभग 20 से 25 वर्ष में ही टूटने लगा। जलाशय का गेट निर्माण कार्य के कुछ ही वर्ष में क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें लीपापोती कर सुधार किया





गया था। जबसे इस जलाशय का निर्माण हुआ है तब से वहां से पानी का रिसाव हो रहा है। इस रिसाव को बंद करने शासन-प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किये गये लेकिन सुधार नहीं आ पाया।

रविवार को सुबह जलाशय के टेल एरिया के पास बांध टूट गया। जिससे बांध से लगे हुए नाले में बाढ़ की स्थिति आ गई। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले बांध का उपरी भाग धंसा हुए प्रतीत हो रहा था मगर एकाएक बांध टूट जाएगा, ऐसा किसी को अंदेशा नहीं था।

इस मामले में एसडीओ रविन्द्र कुंजाम ने बताया कि इस वर्ष अधिक वर्षा होने के कारण जलाशय में 32 फीट तक जल भराव हो गया था। 30 अक्टूबर को जलाशय का ऊपरी हिस्सा एक छोटे से छिद्र रूप में दिख रहा था। लगातार इसकी विभाग द्वारा निगरानी की जा रही थी। 2 दिन से लगातार 4 लोगों की ड्यूटी भी लगाई गई। रविवार को सुबह 7 बजे सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर देखा तो यह छिद्र बड़ा रूप ले रहा था और नीचे की ओर धंस गया। जलाशय का बंड लगभग 20 से 25 फीट पानी के तेज बहाव में बह गया। जलाशय का जलस्तर लगभग 4 से 5 फीट नीचे चला गया। इसकी जानकारी उच्च अधिकारी को दी गई।

### सुरक्षा के लिए बांध पर पुलिस बल तैनात

राजाडेरा जलाशय के टूट जाने की खबर फैलने से आसपास के गांव के लोगों की भीड़ लग गई। बांध के पानी के तेज बहाव के कारण मिट्टी का कटाव हो रहा है जिससे बांध के और क्षतिग्रस्त होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। भीड़ को पुलिस जवानों द्वारा नजदीक नहीं जाने की चेतावनी दी जा रही है।

### फसल बचाने किसान चिंतित

राजाडेरा जलाशय के टूट जाने से बांध के नीचे बसे गांव बेलरदोना, कोरगांव, शुक्लाभाठा, आमाचानी सहित दर्जनों गांव के किसान चिंता जाहिर करते हुए कहा कि नाला के आसपास किसानों की धान फसल लगी हुई जो पूरी तरह पककर तैयार है। मौसम खराबी की वजह से फसल काटने में देर हो गई है। अगर नाला में बाढ़ आएगी तो हमारी फसल पानी में बह जाएगी।

# श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकली निशान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

इस वर्ष भी कुरुद में श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा सुबह छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर से निकली जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सांधा चौक, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, हुतात्मा चौक, पुराना बाजार चौक, थाना चौक होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची। यहां पर निशानधारी भक्तों ने जय श्री श्याम के जयकारे के साथ अपना निशान चढ़ाया। इस धार्मिक आयोजन में नगर के सैकड़ों श्याम प्रेमियों ने भाग लिया। निशान यात्रा के श्री श्याम मंदिर पहुंचने के बाद आरती एवं 56 भोग प्रसाद लगाया गया।

कार्यक्रम में घनश्याम नवलानी, राजेंद्र अग्रवाल, महावीर गुप्ता, मोहन अग्रवाल, सुभाष केला, कन्हैया नवलानी, आलोक अग्रवाल, विजय केला, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, हरीश केला,मनीष अग्रवाल, अतुल केला, वैभव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# देवउठनी पर रचाया तुलसी और शालिग्राम का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

देवउठनी एकादशी पर नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही नगर के चौक-चौराहों पर गन्ने की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर घर में गन्नों के मंडप सजाए गए थे और माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का पारंपरिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न किया गया। वहीं गन्नों की मांग इतनी अधिक रही कि बाजारों में खरीदारी के लिए भारी भीड़ देखी गई। बाहर से आए विक्रेताओं के कारण इस वर्ष गन्नों के दाम भी कुछ बढ़े हुए रहे। फुल साइज गन्ने 100 में तो वहीं मीडियम साइज के गन्ने 50 से 80 रूपए में बिकते नजर आए।

नगर की गलियों में छोटे-छोटे बच्चे पटाखे फोड़ते और खुशियां मनाते दिखाई दिए। पूरा वातावरण उल्लास, भक्ति और आनंद से सराबोर रहा। नगरवासियों ने अपने घर में गन्नों से सजे मंडप में विशेष पूजा-अर्चना और मंगल आरती की। परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए लोगों ने भक्ति भाव से माता तुलसी और शालिग्राम का विवाह रचाया वहीं बुजुर्गों के अनुसार तुलसी विवाह के दिन के पश्चात शुभ कार्य आरंभ हो जाते हैं।



चौक-चौराहों पर गन्ने की खरीदी के लिए लोगों की भीड़ रही

# सरदार पटेल ने अनेक रियासत को एक कर देश को एकता के सूत्र में बांधा

- करेली बड़ी पुलिस चौकी में लौहपुरुष की जयंती मनाई गई
- चौकी प्रभारी ने छात्रों-नागरिकों को साइबर फ्राड, यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



पुलिस चौकी करेली बड़ी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुलिस ने विभिन्न गलियों में बैनर लेकर सद्भावना मैराथन दौड़ में हिस्सा लिया। अतिथियों एवं पुलिसकर्मियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के छायाचित्र में माल्यार्पण किया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान नेता थे, जिन्होंने अनेक रियासत के एकीकरण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया। वह भारत के लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उसके जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरपंच खेमलता साहू ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने कहा कि आज समाज में एकता की जरूरत है। वल्लभभाई पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने छात्र छात्राओं एवं नागरिकों को कानून की जानकारी दी। साइबर फ्राड डिजिटल तौर पर तेजी से बढ़ रहा है। वीडियो कॉल, सामान्य काल के जरिये एटीएम पासवर्ड, आधार कार्ड नम्बर, खाता नम्बर एवं फोन पे के गोपनीय पासवर्ड की मांग करते हैं। लोग डरकर पासवर्ड बता देते हैं। इतना ही नहीं मोबाइल एप्स के जरिये लोगों के खाते से रकम खाली कर देते हैं। लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी को गोपनीय पासवर्ड शेयर न करें। उन्होंने समाज में बढ़ रहे नशापान व यातायात नियमों के बारे में बताया।

इस मौके जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, अधिवक्ता छबि साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, कांशीराम साहू, चंद्रशेखर साहू, प्रीतराम देवांगन, विनीता साहू, मनोहर, कलीराम, नीलमणी, नरेश भारती, संतोष मांडे, साहू, हेमलाल साहू, भोजसाहू समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# संकुल केंद्र चर्रा के समन्वयक व शिक्षक हुए सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संकुल केंद्र चर्रा विकासखंड कुरुद के शिक्षकों का ओपन लिंक फाउंडेशन (विनोबा) द्वारा जिला स्तर पर सम्मान किया गया। पुरस्कृत शिक्षकों में संकुल केंद्र चर्रा के समन्वयक विशेन्द्र तिवारी, प्राथमिक शाला चर्रा की प्रधानपाठिका तुलेश्वरी कंवर, सहायक शिक्षक खुमेश्वर साहू, प्रधानपाठक पवन साहू एवं मोंगरा की सहायक शिक्षिका रोहिणी साहू सम्मिलित थे। प्राथमिक शाला चर्रा को अनुशासन, पालकों की सक्रिय सहभागिता एवं नियमित गृहकार्य हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डीएमसी देवेश सूर्यवंशी, एपीसी नंदकुमार साहू बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, ललित सिन्हा, बस्तर से अखिलेश मिश्रा डीएमसी उपस्थित थे, जिन्होंने शिक्षकों के नवाचार एवं कार्यों की प्रशंसा की।

# दिशाहीन युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़े : कृष्णाकांत



- साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर (सिंगल द्वीप) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कुरुद तहसील के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू एवं चितरंजन साहू पूर्व उपाध्यक्ष छग साहू समाज की उपस्थिति में हुआ। अध्यक्ष प्रेमचंद साहू सहित उनकी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष ने कहा कि समाज सिर्फ रोटी बेटी तक न रहे बल्कि साहू समाज को एकता और सहयोग के बदौलत अनेक रचनात्मक कार्य करते हुए आगे बढ़ाएं। उन्होंने दिशाहीन हो रहे युवाओं को नशा छोड़ समाज के रचनात्मक कार्यों में भगीदारी निभाने प्रेरित करने की भी बात कही।

इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित सचिव दीपेश साहू, कोषाध्यक्ष चुरामन साहू उपाध्यक्ष केवल साहू, मनोज साहू, महिला उपाध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव लोकेश साहू, प्रीति साहू, सहसचिव प्रदीप सोनबेर, सुजीत कुमार, अंकेक्षक गुलापराम साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी साहू एवं वरिष्ठजनों सोमन, महेंद्र साहू, रिखीराम साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष बगौद, लक्ष्मण साहू, कामराय साहू, हेमराज साहू, अशोक साहू, शेखन, खिलेश्वर, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष भुनेश्वर समेत परिक्षेत्र के ग्रामीण अध्यक्ष एवं सचिव, समाज सेवकगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### रात्रि में राग अनुराग कला मंच दुर्ग की हुई प्रस्तुति

# सांकरा में नंदी महाराज की हुई पुनः स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

देवउठनी एकादशी और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम सांकरा के शंकर चौक में भगवान भोलेनाथ के प्रिय वाहन नंदी महाराज की भव्य प्रतिमा की पुनः स्थापना विधि-विधानपूर्वक की गई। इस समारोह में श्रद्धा और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। ज्ञात हो कि यह विशाल नंदी प्रतिमा पूर्व में स्व.महेश सिन्हा द्वारा नंदी चौक पर स्थापित कराई गई थी। अब उनके पुत्र हितेश सिन्हा द्वारा पुनः शंकर मंदिर के समीप शंकर चौक में स्थापित की गई है। इस पुनः स्थापना से पूरे क्षेत्र का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

इस अवसर पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में दुर्ग की प्रसिद्ध राग अनुराग कला मंच की टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच में छत्तीसगढ़ी गीतों, नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामवासियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक हितेश सिन्हा ने कहा कि यह नंदी महाराज की प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि हमारे श्रद्धा, संस्कार और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। मेरे स्व. पिता महेश सिन्हा का सपना था कि सांकरा में एक ऐसा स्थान बने, जहां हर व्यक्ति आस्था और शांति का अनुभव करे। आज उनके आशीर्वाद से वह सपना साकार हुआ है। यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक एकता, परंपरा और संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्थल की साफ-सफाई, सजावट और स्वागत व्यवस्था में सहयोग किया। ग्रामवासियों ने बताया कि नंदी महाराज की प्रतिमा की पुनःस्थापना से पूरे गांव का वातावरण सकारात्मक और ऊर्जा से भर गया है।





# छात्रों को दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

- सरदार पटेल ने देश की अखंडता को एकता के सूत्र में पिरोया : बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूर्व प्राचार्य चैतराम साहू ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई, साथ ही देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाये रखने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की अखंडता को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया है वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि राष्ट्रीय एकता हमारे देश की सबसे बड़ी शक्ति है और हमें सदैव जाति, धर्म, भाषा तथा प्रांत से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर व्याख्याता संतोष जगताप, नरेश कुमार, रविन्द्र बंधे, अनिल कुमार साहू, हरिश्चंद्र नेताम, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर समेत राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड, रेडक्रास के छात्र उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप



### राज्य स्थापना दिवस पर राज्यगीत बजाने शिवसेना की मांग पूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, सरकारी कार्यालयों तथा सभी सार्वजनिक स्थलों पर छग के राज्यगीत "अरपा पैरी के धार" बजाने की राज्य शासन से अपील की थी। इस संबंध में प्रदेश महासिचव संजय नाग ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारी मांग पूरी होने पर राज्य शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान धनंजय सिंह, मधुकर पाण्डेय, रेशम जांगड़े, सूरज साहू, एचएन सिंह पालीवार सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जय बुढ़ी मां गांडा महासभा ने मनाया राज्य स्थापना दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर जय बुढ़ी मां गांडा महासभा द्वारा कलेक्टर ऑफिस के पास स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही महासभा के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ी महतारी के प्रतिमा के समक्ष ससम्मान राज्यगीत गाया। इसी दौरान देवउठनी एकादशी त्योहार पर छत्तीसगढ़ी महतारी के प्रतिमा पर गन्ना भेंट कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष जीतू सागर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयीजी के प्रयास से 25 वर्ष पूर्व हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण हुआ था। आज राज्य स्थापना दिवस पर स्व. अटलजी के संकल्प को मन में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनआर बघेल, सावित्री जगत, शंकर तांडी, संजय सोनी, वैष्णव भत्रिया, मुकेश मोंगराज, माधव छूरा, सागर तांडी, देवराज महानंद, श्याम सिक्का, राधे नायक, रोशनी बाघ, दीपक दीप, विजय सिक्का, सदाराम बेहरा, शेखर सागर, राधे नाग, अर्जुन बघेल, सिद्धू बाग एव समस्त जय बुढ़ी गांडा महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए।

### महापौर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ पर गोल्ड मेडल की बौछार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया, जिसमें छग की अंजना सिंह स्ट्रांग वूमेन ऑफ इंडिया बनीं, वहीं जबलपुर की मंजूलता इंगले मास्टर वूमेन ऑफ इंडिया बनीं। छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव दुर्गेश साहू ने बताया कि अंजना सिंह ने 302.5 किलो वजन उठाकर दो गोल्ड पर कब्जा किया, जबकि सब जूनियर में देवश्री पैंकरा ने 220 किलो वजन उठाकर तीन गोल्ड हासिल किए, मास्टर वर्ग में जबलपुर की 65 वर्षीय महिला ने 150 किलो वजन उठाकर खिताब पर कब्जा किया, साथ ही संतोषी बेहरा को दो गोल्ड, यास्मीन कुरैशी, मंजूलता इंगले को तीन-तीन गोल्ड, लक्ष्मी देवी, प्रेरणा साहू, शालिनी को एक-एक गोल्ड मिला।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी ताराचंद यादव निवासी ग्राम सिंधौरीखुर्द, थाना कुरुद, जिला धमतरी को धर-दबोचा। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को बजरंगपुर निवासी देवक राम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुरानी पैशन-प्रो बाइक सीजी-04, केसी 6005, 13 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 10.30 बजे के बीच डोंगीतराई मोड़ के पास से चोरी हो गई।

# सिलेंडर-गैस की चोरी पर अंकुश लगाने 3 साल पहले लाया गया था क्यूआर कोड सिस्टम, अब तक लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन साल पहले एलपीजी सिलेंडरों में क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया जाना था, जो अब तक नहीं हो पाया है। क्यूआर कोड सिस्टम से सिलेंडर को ट्रैक करने, गैस की चोरी रोकने से लेकर सिलेंडर वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस सिस्टम को देशभर के राज्यों में लागू करने के लिए लाया गया है, लेकिन प्रदेश में यह सिस्टम अब तक लागू नहीं हो पाया है।

इसके कारण एलपीजी सिलेंडरों से गैस की चोरी, कालाबाजारी, ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लग नहीं पा रहा है। इधर इस मामले में खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि क्यूआर कोड सिस्टम को लागू कराने से संबंधित स्पष्ट आदेश जारी नहीं हुआ है। आदेश जारी होने पर इसे लागू किया जाएगा।

### उपभोक्ता चेक तक नहीं करते सिलेंडर का वजन

घरेलू एलपीजी खाली सिलेंडर का वजन 15.3 किलोग्राम होता है, वहीं उसमें 14.2 किलोग्राम की गैस भरी जाती है। इस तरह भरे हुए सिलेंडर का वजन लगभग 29.5 से 30.2 किलोग्राम होता है। सिलेंडर डिलीवरी के दौरान अक्सर देखा जाता है कि उपभोक्ता सिलेंडर का वजन चेक नहीं करता और एजेंसी पर भरोसा कर बिना वजन चेक कराए सिलेंडर ले लेता है। इसका फायदा कई वेंडर्स उठाते हैं और गोदाम से या फिर रास्ते में ही सिलेंडर से ग्राम या किलो में गैस की चोरी कर दोबारा सीलबंद कर उसकी डिलीवरी कर देते हैं। क्यूआर कोड सिस्टम लागू होने से उपभोक्ता को सही वजन वाला सिलेंडर मिलेगा।



### अभी कोई आदेश नहीं आया

क्यूआर कोड सिस्टम लागू होना है। इसे लेकर शासन से अभी कोई आदेश नहीं आया है। आदेश जारी होने के बाद ही लागू होगा।

\- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर

### हर दिन लाखों में एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी

प्रदेश में हर दिन लाखों की संख्या में एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। रायपुर जिले में हर दिन लगभग दो लाख सिलेंडरों की डिलीवरी होती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गैस सिलेंडरों की खपत और मांग कितनी ज्यादा बढ़ चुकी है। हालांकि इसका एक बड़ा कारण घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यवसाय में किए जाने लगा है। चाय-नाश्ता की दुकानों से लेकर गुमटी-ठेलों में घरेलू सिलेंडरों का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके कारण घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी भी थम नहीं पा रही है। वहीं कई एजेंसियों के गोदामों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों से मिले हुए हैं, जो न केवल महंगे दाम पर गैस सिलेंडर ग्राहकों को उपलब्ध कराने में उनकी मदद कर पैसे कमा रहे हैं, बल्कि चोरी छिपे सिलेंडरों से गैस की चोरी भी करा रहे हैं।

## निगम को एक माह में 26 आवेदन मिले, एनओसी नहीं लगाने से 1 को ही मिल पाई अनुमति

# धरना-प्रदर्शन हुआ मुश्किल, तीन विभागों का एनओसी, शुल्क भी लगेगा, कर्मचारी संगठन नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में सार्वजनिक स्थानों पर धरना प्रदर्शन करने तीन विभागों से एनओसी लेकर निर्धारित प्रारूप में नगर निगम को आवेदन देना होगा। यदि इसमें से एक भी विभाग की एनओसी नहीं हुई, तो नगर निगम इसके लिए आवेदन नहीं लेगा। पुलिस, फायरब्रिगेड, एडीएम से एनओसी को धरना प्रदर्शन की अनुमति के लिए अनिवार्य किया गया है। साथ ही धरना प्रदर्शन के लिए 500 रुपए का शुल्क और पंडाल लगाने के लिए 5 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से राशि आवेदन के साथ नगर निगम में जमा करने पर ही इसकी अनुमति मिलेगी। इस नए सिस्टम को लेकर कर्मचारी संगठनों का विरोध शुरू हो गया है।

- तूता धरनास्थल पर संधारण कार्य 2 माह के लिए बंद
- शहर के बीच हक की आवाज उठाने का सिस्टम पेचीदा

दरअसल, नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रखरखाव का कार्य एनआरडीए द्वारा कराया जा रहा है। इसके कारण जिला कलेक्टर के आदेश पर दो माह तक वहां पर धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित है। इससे अपनी लंबित मांगों को लेकर शासन तक अपनी बात पहुंचाने वाले कर्मचारी संगठनों की परेशानी बढ़ गई है।



### इन्होंने ये कहा

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन : कौशलेंद्र तिवारी**

छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र तिवारी ने कहा है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम आदमी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है। ऐसे में यदि धरना प्रदर्शन के लिए पैसे लिए जा रहे हैं, तो यह गलत है। धरना प्रदर्शन की अनुमति देते समय नगर निगम 500 रुपए साफ-सफाई के लिए शुल्क ले रहा है ,जबकि नगर निगम का काम ही सफाई है, इसके लिए शुल्क क्यों? धरना प्रदर्शन मौलिक अधिकार है इसके लिए जिला प्रशासन की अनुमति पर्याप्त है, पर नए नियम में 3 विभागों से एनओसी अनिवार्य किया गया है जो कि उचित नहीं है। देश में हर चीज सिंगल विंडो से हो रहा है, ऐसे में अभिव्यक्ति की आजादी कम करने मल्टीविंडो क्यों? राजनीतिक दलों को प्रोटेस्ट करने और छोटे समूह, कर्मचारियों, दिव्यांगों की इससे परेशानी बढ़ेगी। तीन विभागों के पास एनओसी के लिए चक्कर लगाना पड़ेगा।

### धरना प्रदर्शन की हो वैकल्पिक व्यवस्था

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार साहू का कहना है धरना प्रदर्शन की अनुमति निःशुल्क दी जाए, शहर के बीच आंदोलन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था राज्य सरकार कर्मचारी हित में करे। शहर से दूर तूता धरना स्थल तक आने-जाने में किसान, मजदूर, छोटे-छोटे कर्मचारियों को काफी परेशानी होती है। सार्वजनिक स्थलों पर धरना प्रदर्शन के लिए पंडाल लगाने शुल्क लिया जाना सही नहीं है।

### पूर्व की तरह सिंगल आवेदन पर प्रदर्शन की अनुमति मिले

नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने शासन से मांग की है कि धरना प्रदर्शन, रैली और आमसभा के लिए पूर्व की तरह सिंगल आवेदन पर अनुमति दी जाए। अलग-अलग विभागों से एनओसी का सिस्टम पेचीदा है, इसे तत्काल निरस्त किया जाए, क्योंकि दूरदराज से कर्मचारी संगठन रायपुर में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन की अनुमति लेने यहां आते हैं, उन्हें तीन विभागों से एनओसी मांगना तर्कसंगत नही है। शासन से आग्रह है कि जनहित में धरना प्रदर्शन के लिए सरल प्रक्रिया के तहत अनुमति की व्यवस्था यथावत रहे।

# सहकारी समिति के कर्मचारी आज से संभाग स्तरीय आंदोलन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की 2058 सहकारी समितियों के 15 हजार कर्मचारी और 2729 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर अपनी लंबित मांगों को लेकर 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित करेंगे। छत्तीसगढ़ के 5 संभागों में एक साथ हड़ताली कर्मचारी अपने अपने संभाग में प्रदर्शन करेंगे। रायपुर में संभाग स्तरीय प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण रायपुर संभाग के पांच जिलों के कर्मचारी महासमुंद में 3 नवंबर से 11 नवंबर तक प्रदर्शन करेंगे।

- प्रदेशभर की 15 हजार सहकारी समिति, 2729 धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर शामिल

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त आव्हान पर अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी 3 से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय आंदोलन कर विरोध जताएंगे। मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर में धान खरीदी का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की चेतावनी हड़ताली कर्मचारियों ने दी है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के बाद संपूर्ण सूखत को मान्य कर संबंधित राशि समितियों को दिए जाने की मांग, आउट सोर्सिंग द्वारा कंप्यूटर आपरेटर नियोजन को विलोपित कर वर्षों से कार्य कर रहे धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों का विभाग तय नियमितीकरण की मांग शामिल है। इसके अलावा सहकारी समितियों के कर्मचारियों को वेतन देने प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि देने की मांग की जा रही है।

### वेतन कटौती से नाराज धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर

प्रदेश भर के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से संभाग स्तरीय आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराएंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 2058 धान उपार्जन सहकारी समितियों में कार्यरत 2729 कंप्यूटर आपरेटर वेतन कटौती से नाराज हैं। हमारी प्रमुख मांग 12 माह के वेतन की पूर्व व्यवस्था तुरंत बहाल करने, वेतन कटौती के निर्णय को तत्काल वापस लेने और विभाग तय कर संविलयन की मांग शामिल है।

# चैंबर के 650 से अधिक व्यापारियों ने जीएसटी मंच के पास प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर शनिवार को छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर के पदाधिकारियों व्यापारी संघों के प्रमुख और बड़ी संख्या में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। चैंबर के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते हुएजीएसटी 2.0 के लिये आभार व्यक्त किया ।

- राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर जीएसटी 2.0 के लिए आभार व्यक्त



छग राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने जीएसटी मंच के पास कतारबद्ध खड़े होकर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। इस अवसर पर चैंबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीएसटी में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश के 12 लाख से अधिक व्यापारियों की ओर से जीएसटी प्रणाली में और अधिक सरलता, पारदर्शिता तथा व्यापारी-हितैषी बदलावों को लागू करने के लिए जीएसटी 2.0 के लिए धन्यवाद दिया। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि जीएसटी 2.0 व्यापारियों के लिए व्यवसाय को और सुगम बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम होगा। श्री थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ का व्यापारी समुदाय देश के आर्थिक विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर चैंबर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया, सलाहकार-लाभचंद बाफना, सरल मोदी, अमर गिदवानी, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष- राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, कार्यकारी महामंत्री-कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष-लोकेश चंद्रकांत जैन, दीपचंद कोटड़िया, दिलीप इसरानी, मनीज प्रजापति, संतोष जैन, सोनिया साहू, सुरेश भंसाली, दिनेश अठवानी,मंत्री-पंकज जैन, राजेंद्र पारख, महिला चैंबर कोषाध्यक्ष नम्रता अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।



## यदुवंशी चौक पर श्रीकृष्ण की गोमाता के साथ सुंदर आकृति

**रायपुर।** नगर निगम के जोन 8 स्थित वीर सावरकर नगर वार्ड के हीरापुर में समाजजनों की मौजूदगी में यदुवंशी चौक का लोकार्पण वार्ड पार्षद संदीप साहू ने किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा हीरापुर के इस चौक का 43 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कर इसे सुंदर स्वरूप दिया गया है। चौक पर भगवान श्रीकृष्ण की 12 फीट ऊंचाई वाली आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें श्रीकृष्ण के साथ गोमाता की सुंदर आकृति देखते ही बन रही है। हीरापुर के इस चौक से होकर सोनडोंगरी, जरवाय, गुमा के लोगों का आना-जाना होता है। ऐसे में चौक का सौंदर्यीकरण होने से वार्डवासियों का उत्साह बढ़ा है।

- लोक निर्माण ने 43 लाख की लागत से किया सौंदर्यीकरण

# अमित जोगी को घर में किया नजरबंद राज्योत्सव के विरोध-प्रदर्शन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी को शनिवार को छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने और मिनी माता के नाम की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने से रोक दिया गया। सुबह जैसे ही जोगी अपने निवास से निकल रहे थे, वैसे ही सिटी एसपी रमाकंत साहू और टीआई दीपक कुमार पासवान ने पहुंचकर उन्हें रोक दिया। उनके निवास पर ही उन्हें नजरबंद किया गया। उन्होंने यह पूछा कि उन्हें घर पर क्यों रोका जा रहा है, तो पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे सरकार के निर्देशों का पालन कर रहे हैं और किसी भी व्यक्ति को काले कपड़े पहनने की अनुमति नहीं है। यह घटना उसकी अवधि समाप्त होने के बाद हुई, जो विधानसभा अध्यक्ष, राज्य सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय को नए विधानसभा भवन के लिए 'मिनी माता भवन' नाम सुनिश्चित करने के लिए दी गई थी।

- जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने जोगी बंगले में किया प्रार्थना और उपवास



### घर पर ही प्रार्थना और उपवास का निर्णय- अमित

जोगी ने बताया कि चूंकि हम किसी भी अप्रिय घटना से बचना चाहते थे, इसलिए घर पर प्रार्थना और उपवास करने का निर्णय लिया है। हम ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सत्ता में बैठे लोगों को विपरीत आवाजों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें सुनने का साहस दे। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उत्सव की भावना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उन्हें रोकने के लिए भेजे गए पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। यह कदम सरकार के कार्यों और विपक्ष की प्रतिक्रिया के बीच के अंतर को रेखांकित करता है।

**राजनीतिक नहीं नैतिक विरोध :** उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि एक नैतिक विरोध है। यह छत्तीसगढ़ की आत्मा के लिए एक संघर्ष है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोकतंत्र में काले कपड़े पहनना भी अपराध बन गया है। हमारा विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक था। बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान में प्रदत्त शांतिपूर्वक एकत्र होने और विरोध करने के मौलिक अधिकार की रक्षा के लिए यह अधिकार पवित्र है। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई ने आंदोलन की भावना को दबाया नहीं है, बल्कि लोगों में अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की रक्षा करने का संकल्प और मजबूत किया है।

# छत्तीसगढ़ स्थापना की रजत जयंती पर सपोस में मनाया गृह प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 नवंबर को ग्रीन ग्राम पंचायत सपोस में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपते हुए गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब परिवारों को पक्के मकान का सपना साकार किया है, जिससे वे अब सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।



इस मौके पर सरपंच किशोर बघेल, पंचगण संतोषी भोई, सेवा चौहान, आरती चौहान, सचिव गीता साहू, रोजगार सहायक गणेश यादव, शिक्षक पुरंदर बंजारा, आवास हितग्राही एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मेहंदी में कविता और गिलास दौड़ प्रतियोगिता में मोनिका रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई महासमुंद द्वारा डॉ खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड में आंवला नवमी पूजन कार्यक्रम किया गया। महिला इकाई के अध्यक्ष पानू वर्मा एवं सदस्यों द्वारा संचालित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आंवला पौधे का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता, गिलास दौड़ के साथ ही नन्हें बच्चों द्वारा आकर्षक पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कविता वर्मा, द्वितीय किरण वर्मा, तृतीय संगीता वर्मा, देवकी वर्मा, गिलास दौड़ प्रतियोगिता मंर प्रथम मोनिका वर्मा, द्वितीय मीनाक्षी वर्मा, तृतीय ललिता वर्मा एवं पारंपरिक नृत्य में मोक्षिता वर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया।

विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति पश्चात भगवान विष्णु की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में



किरण वर्मा, सुमन बघमर, नंदकुमारी वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, ललिता वर्मा, पार्वती वर्मा, शकुंतला वर्मा, मोनिका वर्मा, दिनेश्वरी वर्मा, पिंकी वर्मा, देवकी वर्मा, पूनम वर्मा, चंचल वर्मा, सुनीता वर्मा, कृतिका वर्मा, स्वेच्छा वर्मा, मोक्षिता वर्मा, युक्ति वर्मा, सार्थक वर्मा, राकेश वर्मा, योगेंद्र वर्मा, उपेंद्र बघमार, बलदाऊ परगनिहा, शेषनारायण वर्मा, राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गांव का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता है: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सेनकपाट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान तुषार ने कहा कि गांव की संस्कृति भारतीय समाज की जड़ों को दर्शाती है। यहां कुछ विशेषताएं हैं जो गाँव की संस्कृति को परिभाषित करती हैं। गांव में सामाजिक समरसता और एकता का भाव प्रबल होता है। लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं और परस्पर सहयोग करते हैं। गांव में पारंपरिक त्योहारों और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। लोगों का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता है, जो उन्हें अधिक संतुष्ट और खुश रखता है।



### उखरा में कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**नर्रा।** जय चमरू मांझी स्पोर्ट्स क्लब ग्राम उखरा लामीसरार के तत्वावधान में 4 और 5 नवंबर को दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैच काशुभारंभ रात्रि 8 बजे मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव नायकराम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा एवं विशिष्ट अतिथि में तरूण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, पूर्व जनपद सदस्य उत्तमराणा, पूर्व सरपंच नवनीत नाग, प्रीतम चौधरी सरपंच उखरा, सरपंच अरुण चंद्राकर भलेसर, उपसरपंच चैतराम निषाद होंगे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर होंगे। अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पूजा एवन साहू करेंगी। विशेष अतिथि नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, जनपद सदस्य रेणुका धनीराम मरकाम, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, सरपंच कौशिल्या पटेल, सरपंच डेविड नायक होंगे।

### कार्य : विधायक ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

# भदरपाली में 6.82 करोड़ की लागत से बनेगी पुलिया, निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- विधायक की पहल लाई रंग, 2012 से लंबित मांग हुई पूरी
- बसना विधायक डॉ .संपत अग्रवाल की पहल से पूरी हुई 12 साल पुरानी मांग

ग्राम पंचायत गिधली के आश्रित ग्राम भदरपाली के निवासियों की एक दशक से अधिक पुरानी मांग आखिरकार पूरी हुई। बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के अथक प्रयासों और पहल के फलस्वरूप, भदरपाली में 6.82 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ एक महत्वपूर्ण पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत आरंभ हो गया है। इस निर्माण कार्य के शुरू होने से ग्रामवासियों में हर्ष की लहर है और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है।



विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि यह पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2012 से लंबित था, जिसके कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विधायक बनने के बाद इस मांग को प्राथमिकता से लेते हुए, लगातार शासन स्तर पर प्रयास किया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। विधायक ने कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा मेरा सर्वोपरि लक्ष्य है। गिधली के भदरपाली में पुलिया निर्माण की यह मांग बहुत पुरानी थी, और मुझे खुशी है कि यह आज पूरी हो रही है। यह पुलिया न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। परियोजना की स्वीकृति के लिए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने राज्य सरकार के नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को समझा और 6.82 करोड़ की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। यह स्वीकृति क्षेत्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता और विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

#### ग्रामीणों में अपार हर्ष


पुलिया निर्माण कार्य के शुभारंभ पर ग्राम भदरपाली और गिधली के ग्रामीणों ने सरकार और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिया निर्माण के लिए ग्रामवासियों ने सरकार और विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुलिया के बनने से हमारा दशकों पुराना सपना साकार हो गया है। बरसात के दिनों में हमें मुख्य मार्ग से कट जाना पड़ता था, जिससे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच मुश्किल हो जाती थी। हम विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के आभारी हैं, जिन्होंने हमारी समस्या को समझा और इसे प्राथमिकता से हल कराया। हम मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का भी धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर सरपंच शोभित मांझी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर सराईपाली में डीजे डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

- एकल, युगल और सामूहिक श्रेणी में होगी प्रतिभाओं की टक्कर, विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक नगद पुरस्कार

ग्राम सराईपाली (कौहाकुड़ा) पिथौरा में आगामी 4 नवंबर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें क्षेत्र के युवा कलाकार अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में एकल, युगल एवं सामूहिक तीनों श्रेणियों में मुकाबले होंगे। प्रत्येक वर्ग में प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ-साथ अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सप्तम स्थान तक पुरस्कृत किया जाएगा। विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों एवं दर्शकों के लिए भंडारा की व्यवस्था रात्रि 8 बजे तक



की गई है।

#### प्रतियोगिता के लिए लगेगा प्रवेश शुल्क

सामूहिक नृत्य के लिए 150, युगल 100 और एकल नृत्य 50 रुपए रखा गया है। आयोजन समिति का कहना है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं की कला एवं प्रतिभा को प्रोत्साहन देना है। स्थानीय क्षेत्र में इस प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन स्थल पर प्रकाश एवं साउंड सिस्टम की विशेष व्यवस्था की जा रही है। ताकि, प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों के लिए यह रात्रि यादगार बन सके।

#### कार्यक्रम को सफल बनाने जुटे प्रमुख ग्रामवासी

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के गोविंद पटेल, चुन्नू पटेल, रूपेश साहू, हरीश पटेल, सुखदेव पटेल, पुष्कर पटेल, डिगेश पटेल, फागूलाल पटेल, डॉ.रामकुमार पटेल, जय पटेल, नारायण पटेल, किशन पटेल, संजय पटेल, सोमनाथ दीवान, गजेंद्र पटेल, संतोष पटेल, हरिशंकर पटेल, राजाराम चौहान, अश्विनी पटेल, केशव पटेल, छविराम पटेल, चमन पटेल, सुरेंद्र अग्रवाल सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।



### बागबाहरा में मनाया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का 25वां वर्ष

**महासमुंद।** बागबाहरा नगरवासियों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की 25वीं वर्षगांठ पर अनूठी शुरुआत की। बागबाहरा के मुख्य मार्ग पर वन विभाग के सामने महात्मा गांधी और शहीद भगतसिंह की मूर्ति के मध्य छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना और आरती कर, राज गीत का गायन हुआ। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया। विगत दो दिनों से पूरे बागबाहरा शहर में छत्तीसगढ़ महतारी राज गीत व छत्तीसगढ़िया गीत बज रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, रवि सेन, महेश हरपाल, सत्या चंद्राकर, कृष्णा हरपाल, यशवंत बघेल, धनराज साहू, प्रतीक चंद्राकर, प्रदीप शर्मा, आरएस चंद्राकर, खुशबू चक्रधारी, मीना सोनवानी, सुमित बघेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ पहला टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहर के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पहला टेस्ट का आयोजन किया गया।



जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट पेपर भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ इतिहास का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ, इसमें भारत के इतिहास एवं छत्तीसगढ़ के इतिहास आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 100 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 23 परीक्षार्थियों कुल 123 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 09 नवंबर 2025 रविवार को भारत का संविधान एवं पंचायतीराज का टेस्ट आयोजित होगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।




### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कसहीबाहरा स्कूली में ली गई एकता की शपथ

**पिथौरा।** देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में किया गया।

इस अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने सभी को यह शपथ दिलाई कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा समाज में सौहार्द और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकद्वय तबस्सुम शेख व दिलीप कुमार पटेल ने भी सरदार पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि रियासतों के एकीकरण के माध्यम से अखंड भारत बनाने में उनकी अतुलनीय भूमिका रही है। देश की आजादी के बाद जो तस्वीर हम एकीकृत मजबूत राष्ट्र की देखते हैं वो लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल की देन है।

### देवउठनी एकादशी पर खूब बिके गन्ने



**नर्रा।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष एकादशी को क्षेत्र में शनिवार को देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह का पर्व मनाया गया। पर्व को लेकर नर्रा पानी टंकी, परसुली सड़क किनारे गन्ने, फल की दुकानें सुबह से लगी रही। गन्ने प्रति नग 50 से 70 रुपए तक बिके। पर्व पर घरों के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गयी। वहीं घर घर गन्ने की मंडप सजाकर तुलसी-शालिग्राम का विवाह किया। श्रद्धालु उपवास रहकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चन कर फल, गन्ने और तुलसी माता को चुनरी श्रृंगार अर्पित किए। घर आंगन, बाड़ी, कोठार, दीप से रौशन किए। इस पर्व में अनेक घरों पर अपने ईष्ट देव पर लाल कांदा कोचई चांवल आटे से बने बड़ा, सुवारी, पूड़ी का पकवान बनाकर अर्पित किए गए।

# प्रधान पाठक ने सेवानिवृत्ति पर किया बच्चों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय स्टेशन पारा पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सुशील शर्मा द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति पर समस्त अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज देते हुए सभी को स्वेटर देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में छग राज्य बीज निगम अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर, किशोर न्याय बोर्ड अध्यक्ष संदीप दीवान, राजेश पांडेय विधानसभा रायपुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्रदीप चंद्राकर, संदीप घोष, राजेंद्र भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

शर्मा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशील शर्मा एक कुशल शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे खिलाड़ी, स्काउटर एवं मंच संचालक रहे हैं। आज उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि सुशील शर्मा का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में सब कुछ समर्पित किया है। सभा को संदीप दीवान सभापति रेडक्रास सोसायटी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, शर्मा के गुरुदेव जीआर चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि सुशील शर्मा भारतीय संस्कृति, शिक्षादर्शन के संवाहक रहे हैं, उनके शिक्षा का लाभ समाज को मिलता रहेगा। इस अवसर पर विधायक सहित समस्त जन प्रतिनिधियों ने भगवा गमछा एवं शाल ओढाक्रर शर्मा को सम्मानित किया। इस समारोह में स्वागत भाषण शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. मंजू शर्मा, संचालन टेकराम सेन एवं उद्बोधन सह आभार प्रदर्शन सुशील शर्मा एवं खगेंद्र तारक ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, मनीष शर्मा, प्रमोद तिवारी, शोभा दीवान, सरिता तिवारी, रामकुमार साहू, रघुनाथ सिन्हा, विखं शिक्षा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, नरेंद्र नायक, अश्वनी तिवारी, आनंद साहू, अरुणेंद्र दीवान, कमल लूनिया, गैंदलाल साहू, चिंतामणि चंद्राकर, आशा साहू, नीलिमा गुप्ता, सतीश पांडेय, पवन साहू सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक साला परिवार अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व शर्मा के परिवारजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था की ओर से वरिष्ठ शिक्षक खगेंद्र तारक ने दी है।

# खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि रमेश

**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम भलेसर में खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दरअसल, शनिवार को रायपुर में राज्योत्सव कार्यक्रम होने के कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उक्त कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस कारण उनके प्रतिनिधि के रूप में रमेश साहू शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सेवाराम कुर्रे, उपसरपंच स्वाति अनिल देवदास, दौलत सिन्हा, सतीश, विनय, रितेश, महेश, उत्तम, करुणा सागर, मोनू, राजेंद्र, त्रिभुवन, रामेश्वर, चूड़ामणि, त्रिलोक, दिनेश्वर, मोहित, लुलेश, तोषराम, टिकेश्वर, चुनेश्वर, अटल, अमित, लाकेश्वर, अनुज, नीलकमल, गोकुल, सिन्हा, मनोज सिन्हा, हेमंत सिन्हा,



धनेश्वर सेन, ताराचंद चांडक, अशोक लड्ढा, पप्पू केला, ललित लड्ढा, मूलचंद लड्ढा सहित समस्त श्याम परिवार एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में यूके बरिहा (विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं प्राध्यापक नोडल) के मार्गदर्शन में एकता एवं अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्लोगन एवं राष्ट्रीय एकता शपथ का आयोजन किया गया।

एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता संदेश स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई द्वारा महाविद्यालय महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाया गया।




उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के महान सपूत, एकता व अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं, उन्होंने स्वतंत्रता के बाद 562 से अधिक छोटी बड़ी रियासतों का विलय भारतीय संघ में कराकर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका यह कार्य भारतीय इतिहास में एकता और राष्ट्रवाद की अद्भुत मिसाल है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों के बीच एकता और अखंडता की भावनाओं को बढ़ावा देना और सरदार पटेल के दूरदर्शी विचारों को याद करना है।

प्राध्यापक नोडल यूके बरिहा ने राष्ट्रीय एकता दिवस 2025के थीम-एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा आपसी मतभेदों को छोड़कर राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र एवं आईक्यूएसी प्रभारी), अनिल गुप्ता, माधुरी साहू, महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, अविनाश सिंह (भूतपूर्व छात्र एवं सांसद प्रतिनिधि) एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ ने किया।

online Booking-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बुढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर- ऑफर 16,501/-, 3AC- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)